सेवा में,

दिनांक : 21/12/2017

श्रीमान जन सूचना अधिकारी
केंद्रीय लुगदी एवं कागज अनुसंधान संस्थान
पेपर मिल रोड, हिम्मतनगर
पो. ओ. बॉक्स - 174
सहारनपुर -247001

महोदय,

मैं भारतवर्ष का एक आम नागरिक हूँ। कृपया मुझे जन सूचना कानून 2005 के तहत निम्नलिखित बिन्दुओं पर संस्थान से आवश्यक सूचना उपलब्ध कराई जाय। जिसके लिए मैं 10/- मूल्य का आवश्यक पोस्टल ऑर्डर संख्या 37F 923851 पत्र के साथ भेज रहा हूँ।

1, कृपया संस्थान में वर्तमान में अनुभाग अधिकारी, सहायक एवं लेखाकार के कुल कितने पद स्वीकृत हैं, कुल पदों की संख्या एवं पदों की स्वीकृति से संबन्धित प्रमाण की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करायी जाय।

2, श्री हेमचन्द्र पाण्डेय लेखाकार, जिनकी शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, बारहवीं एवं ग्रेजुएसन में तृतीय श्रेणी की है, को संस्थान द्वारा अकाउंटेंट के पद पर प्रोन्नत किया गया है। संस्थान के नियमानुसार इस पद के लिए द्वितीय श्रेणी से पास होना आवश्यक है। उनकी प्रोन्नति के लिए शैक्षणिक योग्यता में छूट लिए जाने के लिए संस्थान की काउंसिल द्वारा स्वीकृति संबंधी आदेश की प्रतिलिपि उपलब्ध करायी जाय।

3, संस्थान द्वारा पूर्व में कनिष्ठ सहायकों को बिना किसी प्रावधान के अस्थाई रूप से 5500-9000 का वेतनमान दिया गया था। इस वेतनमान को दिये जाने के लिए संस्थान की काउंसिल ऑफ एसोसिएसन से ली गयी स्वीकृति के पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करायी जाय।

4, आपके पत्रांक दिनांक 14/09/2017 की संख्या CPPRI/P/M/14/14 के बिन्दु 1 के अनुसार श्री बी के नेगी के भ्रष्टाचार के बिषय में गठित कमेटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं उस पर निदेशक द्वारा की गयी कार्यवाही के पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाय।

नोटः उपरोक्त चारों बिन्दुओं पर मांगी गयी सूचना प्रधानमंत्री द्वारा सरकारी एवं सार्वजनिक छेत्र में भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए आवश्यक हैं। इन सभी से सरकार का आर्थिक पक्ष्य प्रभावित है।

धन्यबाद

प्रार्थी

विशम्भर पाण्डेय [signature]
कैनाल रोड, कौलागढ़
पो. ओ. - आई. पी. ई.
जिला - देहरादून
उत्तराखंड

Receipt No: CPPRI/RTI/259
Dt: 28/12/17
[signature] 28/12/17